卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 263 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦4 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ट्राफी के साथ वतन लौटी भारतीय टीम, पीएम मोदी से हुई मुलाकात

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। भारतीय टीम टी 20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतकर गुरूवार को वतन वापस लौटी। यहां टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। पीएम ने टीम का स्वागत करके उन्हें बधाई दी। बता दें टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 में काफी शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। चैंपियन बनने के बाद बारबाडोस में आए चक्रवात की वजह से टीम वहीं फंस गई और फिर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने स्पेशल चार्टर फ्लाइट के जरिए टीम इंडिया को दिल्ली के लिए रवाना किया। सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंची टीम इंडिया का एयरपोर्ट पर जोर शोर के साथ स्वागत किया गया। फैंस टीम इंडिया के प्लेयर्स और ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए। एयर पोर्ट से भारतीय खिलाड़ी होटल आईटीसी मौर्या पहुंचे यहां भी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद भारतीय टीम ने होटल में आराम किया। फिर सभी (शेष पृष्ठ सात पर)



## मगरमच्छ ने ग्रामीण को बनाया निवाला

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम सिद्दा में जानवर चराने गए वृद्ध को वापसी में नदी पार करते समय मगरमच्छ ने हमला कर अपना निवाला बना लिया। शाम तक वृद्ध के वापस नहीं लौटने पर गांव वालों ने जब उसकी खोजबीन



शुरू की। वृद्ध का शव गुरूवार को फौड़ी नदी में क्षत विक्षत हालत में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस एंव वन विभाग के अधिकारी माके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम सिद्दा निवासी 60 वर्षीय (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कार खाई में गिरी, छह घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। गुरुवार सुबह के समय मसूरी देहरादून रोड भट्टा गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कार में तीन युवक और



तीन युवतियां सवार थीं। ये लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस फायर सर्विस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने खाई में गिरे छह लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से देहरादून के दून अस्पताल भेजा गया। मसूरी पुलिस के एसआई राजकुमार बरमोला ने बताया कि, देहरादून से सुबह करीब 5.30 बजे के समय कार से तीन युवक और तीन (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत,एक गंभीर


### रक्तदान करके देर रात कार से घर लौट रहे थे तीनों युवक, दिनेशपुर मोड़ पर हुआ हादसा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज मध्य रात्रि यहां एक चिकित्सालय में





महिला के प्रसव के दौरान रक्त की जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर घर वापस लौट रहे दिनेशपुर से आये तीन युवकों की कार दिनेशपुर मोड़ के पास मार्ग चौडीकरण कार्य में खड़े वाहन से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एसटीएच हल्द्वानी रैफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भिजवाया। दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर के एक चिकित्सालय में महिला को प्रसव के लिए भर्ती किया गया है। गत रात्रि उसे अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ी। उसकी जानकारी मिलने पर दिनेशपुर वार्ड 4 निवासी 26 वर्षीय सोनू सरकार पुत्र धर्मचन्द्र, (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विजयलक्ष्मी हत्याकाण्ड का खुलासा, युवती सहित दो गिरफ्तार

### कुशन व पायदान से गला दबाकर की थी हत्या, लूटी नगदी व जेवर भी बरामद



किच्छा(उद संवाददाता)। बीते दिनों पंजाबी मौहल्ला निवासी महिला की हत्या का आज पुलिस ने खुलासा किया है। हत्याकाण्ड में पुलिस ने एक युवती सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं मामले का खुलासा करते हुये एसएसपी डां0 मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गत 29 जून को प्रात: पंजाबी मौहल्ला निवासी 64 वर्षीय विजय लक्ष्मी देवी पत्नी हरीश चन्द्र जायसवाल का शव उनके आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। इस मामले में मृतका महिला के पुत्र आशीष जायसवाल द्वारा अपनी माता की हत्या का संदेह व्यक्त करते हुये पुलिस को तहरीर सौपी गयी थी। तहरीर में आशीष ने बताया कि घटना वाले दिन उनके पिता हरीश चन्द्र जायसवाल रिश्तेदारी में नोएडा गये हुये थे और माता उनकी घर पर अकेले ही थी। तहरीर में आशीष ने बताया था कि उसकी मम्मी अपने पास एक छोटी कपड़े की थैली रखती थी उसमें वह अपना सोने चांदी के जेवर व कुछ नकद पैसा रखकर सिरहाने पर रखती थी वह थैली भी गायब थी जिसके चलते उसे अंदेशा है कि किसी ने उक्त नगदी और सोने-चांदी के जेवर को लूटने की नीयत से उसकी मम्मी की हत्या की है। पुलिस ने आशीष की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुये जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई सीसीटीवी फुटेज (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मेडिकल चौकी पुलिस ने क्रियाशाला रोड के पास एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि मेडिकल चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली क्रियाशाला रोड पर एक युवक स्मैक बेचने की फिराक है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसकी तलाश लेने पर उसके पास



से 47.24 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में स्मैक तस्कर ने अपना नाम प्रेम पाल पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम सिंगरा थाना मीरगंज बरेली (शेष पृष्ठ सात पर)

## नहीं पहुंचे स्टार प्रचारक, सारा दारोमदार 'अब धामी पर'

### बदरीनाथ में कांग्रेस ने भंडारी के पाला बदल को बनाया मुद्दा
### मैंगलोर का जातीय समीकरण बना भाजपा के जी का जंजाल

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड की बदरीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा सीट पर आगामी 10 जुलाई को होने जा रहे उपचुनाव में जहां कांग्रेस के सूबाई सूरमा लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार का हिसाब बराबर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं ,वही भाजपा का चुनाव प्रचार शुरुआती दौर में जोर पकड़ने के बाद अब तनिक शिथिल-सा पड़ गया जान पड़ता है । उपचुनावों में प्रचार के लिए भाजपा ने जिन 40 स्टार प्रचारको की घोषणा की थी, उनमें से अधिकांश चुनाव प्रचार के लिए अब तक नहीं पहुंच पाए हैं। लिहाजा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की निगाहें अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर जा टिकी है यद्यपि भाजपा की विस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डॉ। धन सिंह रावत ने चुनाव प्रचार में पहले से ही मोर्चा संभाल रखा है ,लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा के चुनाव प्रचार को असल धार मुख्यमंत्री के मोर्चा संभालने के बाद ही मिल पाएगी भाजपा सूत्रों के अनुसार उपचुनाव में मुख्यमंत्री के प्रचार का कार्यक्रम तय हो चुका है और वह 5 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक दोनों विधानसभा सीटों पर धुआंधार चुनाव प्रचार करेंगे। जहां तक बदरीनाथ विधानसभा सीट का सवाल है? तो यहां मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। गढ़वाल लोकसभा की 14 विधानसभा सीटों में बदरीनाथ ही इकलौती सीट थी, जहां कांग्रेस को विजय प्राप्त हुई थी,लेकिन पार्टी के विधायक राजेंद्र भंडारी के लोस चुनाव से ठीक पहले पाला बदल लेने के बाद कांग्रेस हाथ खाली हो गए । कांग्रेस पार्टी अब भंडारी के पाला बदलने को ही मुद्दा बनाकर कांग्रेस मतदाताओं को भाजपा के पाले में जाने से रोकने की कोशिश कर रही है । उसकी गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के सभी बड़े नेता बदरीनाथ में कैंप करके लौट चुके हैं। बात भाजपा की करें ? तो नामांकन दाखिल करने के दौरान सीएम धामी, पार्टी प्रभारी व अन्य बड़े दिग्गज बदरीनाथ पहुंचे थे तथा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने भी शुरुआती दौर में प्रचार की कमान संभाली थी, लेकिन उसके बाद भाजपा के अन्य दिग्गजों के प्रचार में ना पहुंच पाने के कारण चुनाव प्रचार की धार कायम नहीं रह सकी। उधर मंगलौर के जातीय समीकरण से पार पाना भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है ।मंगलौर सीट पर मुस्लिम और अनुसूचित जाति के वोट निर्णायक हैं। विधानसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वोट मुस्लिम हैं, जबकि 18 फीसदी अनुसूचित जाति वर्ग के वोट हैं। शेष 32 फीसदी वोट में ओबीसी, गुर्जर, सैनी और अन्य वर्गों के वोट आते हैं। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक होने की वजह से इस सीट पर इसी समुदाय के नेता चुनाव जीतते रहे हैं।2017 में यहां कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन और 2022 में बसपा के सरबत करीम (शेष पृष्ठ सात पर)



# भारतीयम स्कूल में अंडर 17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप कल से

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय कुश्ती संघ के निर्देश पर जिले में पहली बार तीन दिवसीय अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल ग्राम लालपुर में आयोजित की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के देशभर के 28 राज्यों के साढ़े छह सौ महिला पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। पत्रकारों को इस आशय की जानकारी देते उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव शिव वर्धन सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पांच जुलाई की अपराह्न तीन बजे करेंगे। कार्यक्रम की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। आयोजन में सफल प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। प्रतियोगिता को लेकर प्रदेश के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि आयोजन में 28 राज्यों से 435 पुरुष व




209 महिला पहलवान सहित 101 कोच भाग लेंगे। फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन में पुरुष व महिला पहलवानों के 10-10 वर्गों में स्पर्धा होंगी। वार्ता के दौरान वाराणसी कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष व भारतीय कुश्ती संघ के पर्यवेक्षक राजीव सिंह रानू ने बताया कि उत्तराखंड में पहली बार अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता राष्ट्रीय कुश्ती के मानकों पर आयोजित होगी। पहलवान तीन गद्दों पर दांव लगाएंगे। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई को फ्री स्टाइल कुश्ती, छह को महिला कुश्ती व सात जुलाई को ग्रीको रोमन कुश्ती होगी। उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव शिव वर्धन सिंह ने बुधवार को किच्छा हाईवे स्थित एक होटल में पत्रकारों को बताया कि उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव शिव वर्धन सिंह ने बुध वार को किच्छा हाईवे स्थित एक होटल में पत्रकारों को बताया कि प्रतियोगिता में तमिलनाडु, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, केरल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, चंडीगढ़, पुडुचेरी, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, पश्चिम बंगाल आदि से खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। खिलाड़ियों की जांच के लिए नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी भी रहेगी। वार्ता के दौरान उत्तराखंड रेसलिंग एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी अंकित त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रबल चौहान आदि मौजूद थे।

# सांसद भट्ट ने बारिश से हुए नुकसान की ली जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भारी बरसात को देखते हुए जिलाधिकारी नैनीताल और जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से दूरभाष पर वार्ता कर जल भराव और बाढ़ की



स्थिति से निपटने के लिए सरकारी मशीनरी को तैयार रखने को कहा। बुधवार को लगातार हो रही बरसात के बाद विभिन्न इलाकों में हुए जल भराव का संज्ञान लेते हुए सांसद श्री भट्ट ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह और जिलाधिकारी उधम सिंह नगर उदय राज सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर जिलों में बारिश से हुए जल भराव व नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान श्री भट्ट ने जिलाधिकारी को कहा कि भारी बरसात के पूर्वानुमान के चलते पूरी सरकारी मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा जाए। इसके अलावा तराई क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत बचाव एवं राहतकार्य शुरू किए जाएं। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रमें बरसात से हुए नुकसान व प्रभावित लोगों को सकुशल अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट कर उनके रखरखाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि दोनों जिलाधिकारी अपने-आप ने जिलों में लगातार प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने में जुटे हैं। सरकारी मशीनरी पहाड़ों में मार्ग खुलवाने को लेकर दिन रात जुटी है।

# गौला का जल स्तर बढ़ा,अधिकारियों ने लिया जायजा

किच्छा(उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते गोला नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन की टीम द्वारा नदी किनारे आबादी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों से नदी से दूर रहने की अपील की गई और भू कटान का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने तहसील प्रशासन की टीम को समस्या से अवगत कराते हुए जल्द आर्थिक सहायता की मांग की। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में पटवारी अशोक कुमार के साथ तमाम कर्मचारियों की टीम ने नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी किनारे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान



पटवारी अशोक कुमार ने बताया कि बरसात के कारण गोला नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों को नदी में आवाजाही करने तथा नदी किनारे जाने से परहेज कर सावधानी बरतनी चाहिए। तहसील प्रशासन की टीम के मौके पर पहुंचने की सूचना के बाद नगर पालिका सभासद सिमरनजीत कौर एवं व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी सहित तमाम स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। व्यापारी नेता गोल्डी ने प्रशासन की टीम से पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में गोला नदी किनारे भूमि कटान रोकने के लिए पिचिंग कार्य कराने एवं मेहनत मजदूरी कर नदी किनारे जीवन यापन करने वाले गरीब लोगों को सिर ढकने के लिए आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आग्रह किया। पटवारी अशोक कुमार ने बताया कि नदी किनारे जीवन यापन कर रहे गरीब लोगों के लिए प्रशासन द्वारा रेन बसेरा में जरूरत पड़ने पर व्यवस्था की जाएगी। मौके पर महेंद्र ठाकुर,जमील अहमद, जमुना देवी, ईशान अहमद मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई आचार्य चन्द्रेव महाराज की जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।चन्द्रा व भुर्जी समाज ने जगद्गुरु उदासीन आचार्य चंद्रदेव महाराज जी की 524वीं जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई। अग्रज महापुरुष चंद्र देव महाराज की जयंती पर किच्छा रोड पर स्थित उनकी मूर्ति पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण किया इस अवसर पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारा भ्ज्ञी आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि महाराज चंद्रदेव जी का जन्म पंजाब प्रांत में तलवंडी नामक स्थान पर हुआ था। सनातन धर्म की रक्षा करते हुए महाराज जी ने उदासीन संप्रदाय का प्रचार किया और उसके बारे में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास



शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रकाश गुप्ता, रामप्रसाद चंद्रा, सोमपाल चंद्रा, सत्यपाल चंद्रा, धर्मपाल चंद्रा, गेदनलाल चंद्रा, होरीलाल चंद्रा, रतन चंद्रा, अमर पाल चंद्रा, राजेश चंद्रा, चंद्रभान चंद्रा, पूरनलाल चंद्रा, भूरा चंद्रा, जितेंद्र चंद्रा, रोशनलाल चंद्रा, मुकेश चंद्रा, रामस्वरूप चंद्रा, राकेश चंद्रा, रितेश चंद्रा,पवन चंद्रा,राकेश चंद्रा, ललित बिष्ट,विशाल मेहरा,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# मौलिक कक्कड़ बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट रिप्रेजेंटेटिव

रूद्रपुर (उद संवाददता)।आरएएन स्कूल के छात्र रह चुके मौलिक कक्कड़ रोटरी अंतरराष्ट्रीय मण्डल 3110 के डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट रिप्रेजेंटेटिव



(डीआईआर)मनोनीत किये गये हैं। बता दें मौलिक कक्कड़ पिछले 4 साल से इंटरैक्ट क्लब से जुड़े थे । पिछले 2 साल से मण्डल के मुख्य सचिव पद पर थे। अपनी मेहनत और लगन से मौलिक ने कक्षा बारवी में 98.6 प्रतिशत अंक पाकर उत्तराखण्ड में चौथा स्थान प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया था। मौलिक को डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट रिप्रेजेंटेटिव बनाये जाने पर रोटरी क्लब रूद्रपुर और आरएएन पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं मौलिक ने नई जिम्मेवारी मिलने पर वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उस पर वह पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# धूमधाम से मना इंस्पिरेशन स्कूल का स्थापना दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर छात्रों द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।




कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रध ानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा,गायत्री बल्यूटिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा सभी के द्वारा इस माध्यम से विद्यालय के संस्थापक स्व0 एनसी बल्यूटिया का स्मरण किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा मन मोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही कक्षा ग्यारह की छात्राओं अक्षरा गुप्ता, उन्नति जोशी व बबीता शर्मा द्वारा अपने अभिभाषणों में विद्यालय के उत्थान की कामना की गई। कक्षा दो की छात्रा रूद्राणी रावत द्वारा रजत वर्ष विषय पर एक सुन्दर कविता प्रस्तुत की गई। विद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने की खुशी




में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ0 दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया द्वारा इन 25 वर्षों के अपने संस्मरणों को शिक्षकों के साथ साझा किया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं श्रीमती इंद्रा जोशी, श्रीमती सुनीता मियान, श्रीमती रीता राठौर, श्रीमती निशा काण्डपाल आदि ने भी अपने दीर्घकालीन सेवाकाल के अनुभवों को सभी के साथ बाँटा। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, सहायक कर्मचारियों एवं विद्यालय के विघ्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ तथा विद्यालय के चरमोत्कर्ष का लक्ष्य भी सबके सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण एवं मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।



# सड़क दुर्घटना के मामले में स्कूल बस चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं काशीपुर मार्ग पर सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही महिलाओं को रौंदकर एक महिला की मौत कर देने वाले स्कूल बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में नारायण मिस्त्री पुत्र मोती लाल मिस्त्री निवासी ग्राम पिपलिया नंबर 1 पोस्ट प्रेमनगर गदरपुर ने कहा है कि उसकी भाभी मीनू मिस्त्री पत्नी स्व. बब्लू मिस्त्री निवासी 2 जुलाई को समय लगभग शाम 4 बजे एलायन्स में ड्यूटी करने के बाद वापस घर आने के लिए एलायन्स गेट के सामने सवारी के इन्तजार में खड़ी थी। तभी एक स्कूल बस जैसी लग रही बस का चालक जो कि रुद्रपुर की तरफ से गदरपुर की ओर को बस को तेजी से चलाते हुए लाया। जिसे फ्लाई ओवर से पहले कई व्यक्तियों ने रोककर टोका था कि बस लहराकर मत चलाओ लेकिन वह फिर भी नही माना और शराब के नशे में अपने बस संख्या यूके 06 पीए 1112 को लहराकर चलाता हुआ एलायन्स कालोनी के गेट के सामने सडक किनारे खडी उसकी भाभी मिनू मिस्त्री व अन्य पाँच छः महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सभी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनको एम्बूलेन्स के माध्यम से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा भाभी मीनू मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया गया। नारायण मिस्त्री का कहना है कि पता चला है कि बस को सुखविन्दर सिंह पुत्र झरमल सिंह निवासी बरसैना गुलडिया थाना बिलासपुर रामपुर चला रहा था जो कि शराब के नशे में था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर सीएम ने दोहराया विकास का संकल्प

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रदेशवासियों के नाम सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी किया है। संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने तीन साल के कार्यकाल की उपलब्धि



बताने के साथ आने वाले समय के लिए राज्य के विकास का संकल्प दोहराया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि आप सभी के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से मुख्यसेवक के रूप में आज 3 वर्ष पूर्ण हुए हैं। जन-जन की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप इन वर्षों में देवभूमि उत्तराखण्ड के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य किया है और आगे भी इसी प्रकार प्रदेशवासियों के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। एक ओर जहां तुष्टिकरण, लैंड जिहाद और जबरन धर्मान्तरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर तथा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़े हैं वही दूसरी ओर भ्रष्टाचार, नकल माफिया और दंगाइयों पर नकेल कसकर प्रदेशवासियों के भविष्य को भी सुरक्षित किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज उत्तराखण्ड विकास और प्रगति के नए सोपान गढ़ रहा है। सुशासन के मार्ग पर चलते हुए उन्नति और समृद्धि की यह धारा निरंतर बहती रहे इसके लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहा हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी राज्यवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर उत्तराखंड को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में काम करें।

# रुद्रपुर में निशान यात्रा और श्री श्याम संकीर्तन स्थगित

रूद्रपुर। मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए रूद्रपुर में आज प्रस्तावित विशाल निशान यात्रा एवं कल होने जा रहे विशाल श्याम संकीर्तन को स्थगित कर दिया गया है। अब दोनों कार्यक्रम 3 और 4 सितम्बर को होंगे। बता दें श्री श्याम निशान सेवा समिति ने आज शाम शहर में विशाल निशान यात्रा का कार्यक्रम तय किया था। इसके अलावा कल पांच जुलाई को सिटी क्लब में श्री श्याम सकीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसके लिए पिछले करीब एक माह से समिति के सेवादार जोर शोर से तैयारियों में जुटे थे। संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए फिलहाल दोनों कार्यक्रम स्थगित कर दिये हैं। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक में तय किया गया कि अब निशान यात्रा का कार्यक्रम आगामी 3 सितम्बर को होगा जबकि श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन अगले दिन 4 सितम्बर को होगा।

# भू कटाव को रोकने के लिए सांसद ने डीएम को लिखा पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सांसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को पत्र लिखकर कहा है कि तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के बरहैनी रेंज के क्षेत्रान्तर्गत बरहैनी नर्सरी हरसान वन मोटर मार्ग बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण कई मकान बाढ़ में आने वाले दो नदियों के बीच के क्षेत्र से लगे होने के कारण, जो कि लगभग 700 मीटर का क्षेत्र है, कटाव हो गया है। घरों से नदी की दूरी कुछ मीटर ही रह गई है। इस क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय भी स्थित है, जिसे भी बाढ़ के कारण खतरा बना हुआ है। पूर्व में पास ही में बहने वाली गडरी नदी में एक व्यक्ति के बह जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।वर्तमान में वर्षा काल के कारण कभी भी अचानक बाढ़ आ जाती है तथा जान-माल का खतरा बना रहता है, क्योंकि नदी में बाढ़ के कारण कटाव होने से वहां रह रहे ग्रामीणों के आवास के बगल से बह रही है।यदि समय रहते इस कटाव को नहीं रोका गया तो एक ही बाढ़ में ये सभी मकान, विद्यालय आदि नदी में समा जाएंगे। लिहाजा वन विभाग, सिंचाई विभाग, लो०नि०वि० व राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन कर आगणन बनवाकर प्रभागीय वनाधिकारी तराई केन्द्रीय को धनराशि तत्काल जारी कर उक्त स्थान को पक्का करने के निर्देश देने का कष्ट करें, जिससे जनहानि होने को रोका जा सकें।




# हर सूचना प्राप्त करने के लिये समन न जारी करें जीएसटी अधिकारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। हर सूचना प्राप्त करने के लिये समन जारी न करने तथा व्यापारियों से पत्राचार में डिन/आर एफ एन नम्बर जारी करने सहित विभिन्न निर्देश व्यापारी शोषण तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करने के लिये केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड तथा राज्य कर विभाग ने अधिकारियों के लिये लागू कर रखे हैं। यह खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत राज्य कर मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा समन तथा व्यापारियों से पत्राचार व नोटिसों के सम्बन्ध में जारी निर्देशों को राज्य कर विभाग में लागू कराने के

## जी.एस.टी. अधिकारियों पर लागू है मुख्यालय के कडे निर्देश

समबन्ध में सूचना आयुक्त राज्य कर कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से मांगी थी। इसके उत्तर में उपायुक्त/लोक सूचनाधिकारी प्रीति मनराल ने राज्य कर आयुक्त डा. अहमद इकबाल द्वारा जारी निर्देश पत्रांक 4840 दिनांक 17 नवम्बर 2022 तथा 1297 दिनांक 30 मई 2023 की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा जी.एस.टी. समन के सम्बन्ध में जारी निर्देश 503/2022-23 दिनांक 17 अगस्त 2022 के समान ही निर्देश आयुक्त कर उत्तराखंड द्वारा पत्रांक 4840 दिनांक 17 नवम्बर 2022 से लागू किये गये हैं। इसी प्रकार बोर्ड के परिपत्र संख्या 122/41/2019 के जी.एस.टी पत्र व्यवहार में डिन के प्रयोग सम्बन्धी निर्देशों के समान निर्देश पत्रांक 1297 दिनांक 30 मई 2023 से लागू किये गये हैं।पत्रांक 4840 में दिये गये निर्देशों के अनुसार जी.एस.टी. अधिनियम की धारा 70(1) के अन्तर्गत समन जारी करने की शक्ति का प्रयोग विवेक पूर्व और सम्यक विचार करते हुये किया जाना चाहिये। जहां समन के अतिरिक्त अन्य प्रावधानों के अन्तर्गत सूचना प्राप्त की जा सकती है वहां इन प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जानी चाहिये। जी.एस.टी. पोर्टल पर डिजिटली/ऑन लाइन उपलब्ध वैधानिक दस्तावेजों की प्राप्ति हेतु समन जारी करने से बचना चाहिये। किसी कम्पनी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में उच्चाधिकारियों को तभी समन जारी करने चाहिये जब जांच में यह स्पष्ट संकेत हो कि जिस निर्णय में राजस्व क्षति हुई हो, ऐसा निर्णय लेने में वह सम्मलित रहे हैं। उक्त निर्देशों में समन देकर बुलाकर स्चयं गायब होने वाले अधिकारियों के सम्बन्ध में भी यह निर्देश दिया गया है कि समन में निर्धारित दिनांक व समय पर जारीकर्ता अधिकारी को उपस्थित होना चाहिये। अनुपस्थिति की दशा में जिस व्यक्ति को समन किया गया है, उसे अग्रिम रूप से लिखित या मौखिक रूप से सूचित किया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त ऐसी महिला जो परंपरा स्वरूप सार्वजनिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकती अथवा सी पी. सी की धारा 132 व 133 के अन्तर्गत विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्तियों की छूट को भी समन जारी करने में ध्यान में रखा जाना चाहिये। समन के मामले व सम्बन्धित दस्तावेजों तथा अभियुक्त/गवाह किस रूप से उसे बुलाया गया है, स्पष्ट लिखित होना चाहिये। पत्रांक 1297 के निर्देशों में स्पष्ट है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में राज्य कर प्राधिकारियों द्वारा दस्तावेज संदर्भ संख्या (आर एफ एन) जारी करने और करदाता को इनके सत्यापन की सुविधा जी.एस.टी.एन (पोर्टल) द्वारा प्रदान की गयी है। करदाताओं को संसूचित किये जाने वाले विभिन्न दस्तावेजीं प्रपत्र जैसे नोटिस/आदेश जी.एस.टी. पोर्टल के माध्यम से जनित किये जाते है उनमें डिन/दस्तावेज पहचान संख्या/आर एफ एन (संदर्भ संख्या) होता है। कर दाताओं के साथ किये जाने वाले ऑफ लाइन पत्राचार के लिये भी आर एफ एन जेनरेट करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि पोर्टल से इसका सत्यापन किया जा सके तथा फर्जी तथा अनावश्यक नोटिस देकर व्यापारियों के अवैध शोषण पर रोक लग सके।

# ऑनलाईन ठगी के मामले में केस दर्ज

हल्द्वानी। डायमण्ड एंड ज्वैलरी शोरूम में हुई ऑन लाईन जालसाजी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जालसाजों की तलाश में जुट गई है। किसना डायमंड एण्ड ज्वैलरी शोरूम के स्वामी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीती 26 जून को उसकी दुकान एक महिला और पुरूष आए और उन्होंने 2 लाख 35 हजार रूपए की गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी खरीदी। जिसकी पेमेंट वह ऑनलाईन करने लगे। उन्होंने कहा कि शोरूम का अकाण्ट ऑनलाईन शो नहीं हो रहा है जिस पर प्रतिष्ठान के मैनेजर न उसके अकाण्ट में पैसा ट्रांसफर करने को कहा। मैनजर के नंबर पर ट्रांजेक्शन सक्सेफुल का मैसेज तो आ गया लेकिन अकाउंट में पैसा नहीं आया। मैनेजर ने उनसे पैसा अकाउण्ट में आने तक रूकने के लिए कहा। काफी देर इंतजार के बाद भी जब पैसा अकाउंट में नहीं आया तो उसने स्क्रीनशांट को सही मानकर उन्हें जाने दिया दिया और पेमेंट आने तक बिल जनरेट नही होने की बात कही। दुकान स्वामी ने जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम विकाश मित्तल से बदलकर विकास मित्तल रख लिया है।भविष्य में मुझे विकास मित्तल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

विकास मित्तल पुत्र श्री वेद प्रकाश मित्तल, निवासी- ओल्ड गल्ला मंडी, वॉर्ड न-12, किच्छा, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# किच्छा और नानकमत्ता से संदिग्ध हालातों में चार किशोरियां लापता

नानकमत्ता/नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियां अलग-अलग स्थानों से लापता हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ग्राम सिद्दा नवदिया निवासी सुभाष सिंह राना ने थाने में दी तहरीर में कहा है उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री बिना बताएं घर से खटीमा की तरफ किसी अज्ञात वाहन में बैंठकर चली गई। तमाम प्रयास के बाद भी वह नही मिली। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर वार्ड न0 3 तपेड़ा नानकमत्ता निवासी दर्शन सिंह पुत्र गुरबचन सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री 1 जुलाई को रात्रि घर से अचानक लापता हो गई। जिसका काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नही चला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। **किच्छा-** यहां घर से स्कूल को निकली दो नाबालिग लड़कियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता निवासी ट्रक यूनियन गली वार्ड नंबर 17 कोतवाली किच्छा तहरीर दी है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री खुशी व 15 वर्षीरू रोशनी घर से स्कूल को गई थी वह तब से घर वापस नही पहुंची है तहरीर के आधार पर कोतवाली किच्छा में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस विभिन्न स्थानों से सीसी फुटेज खंगाल रही है तथा संभावित स्थानों पर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि कुछ लोगों को इस समय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है किंतु अभी तक गायब लड़कियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है पुलिस बारीकी से अध्ययन कर लड़कियों को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# ठगी का नया तरीका,हजारों का लगाया चूना

किच्छा(उद संवाददाता)।नगर में ठगी का नया तरीका अपना कर एक ठग द्वारा निर्माण कर रहे भवन स्वामी से लगभग सत्तर हजार रुपए ठगने का प्रकरण सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापारी हरीश मदान का रूद्रपुर रोड पर मदान ट्रेडर्स नाम से प्रतिष्ठान है जहां एक व्यक्ति ने 68097 मूल्य का सरिया खरीदा और पैसे देने के समय उसके द्वारा यह कहा गया पैसे सरिया उतरते ही पंजाबी मोहल्ला स्थित



अपने घर पर दे दूँगा। सरिया उतरते ही वह व्यक्ति जिसके घर सरिया उतारा था उनको बताकर रफू चक्कर हो गया। जब हरीश मदान द्वारा अपने माल के पैसे माँगे गये तो निर्माण कर रहे व्यक्ति ने बताया कि सरिया के पैसे हमने उस व्यक्ति को दे दिए हैं। तरुण मदान द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सरिया व्यापारी के सुपुर्द किया गया एवं पुलिस द्वारा उस व्यक्ति की पहचान की जा रही है जो उस मकान मालिक से पैसे लेकर भाग गया है। पुलिस ने नागरिकों से निवेदन किया है कि इस प्रकार की ठगी से सावधान रहें तथा व्यापारियों से भी अनुरोध किया है कि माल की डिलीवरी के लिए सतर्क रहें तथा चिर परिचित का ध्यान रखें।

किराये हेतु गोदाम उपलब्ध है


काशीपुर रोड गाबा चौराहा से 5 किमी. दूरी एनएच पर 12500 स्क्वायर मीटर के दो गोदाम खाली है।

सम्पर्क करें:- 9837041659

# पंतनगर थानाध्यक्ष के प्रकरण में नौटंकी कर रहे बेहड़: शुक्ला

## पूर्व विधायक ने की मामले की सीबीआई या सीआईडी जांच की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधायक तिलक राज बेहड़ पर आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष पंतनगर के मामले में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए धरने की नौटंकी कर रहे हैं तथा जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर थानाध्यक्ष को प्रथम दृष्टया दोषी मानकर निलंबित कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई तब धरना सिर्फ इस मामले में राजनीतिक लाभ लेने के लिए क्यों किया गया। उन्होंने प्रकरण की सीबीआई अथवा सीआईडी जांच की मांग मुख्यमंत्री से की है। शुक्ला ने बेहड़ से सवाल करते हुए कहा कि पीड़िता का जो ऑडियो बेहड़ ने प्रेस को जारी किया उसे पर थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जब मैं भी एस एस पी से मिलने गया और कार्रवाई की मांग की तब बेहड़ के पेट में दर्द क्यों हुआ, क्या लोकतंत्र में आम जनता या पूर्व विधायक को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलने का अधिकार नहीं है? पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि पीड़िता से थानाध्यक्ष की अश्लील बातें नितांत अनुचित है तथा भाजपा सरकार ने तत्काल इसकी जांच बैठा दी है थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया लेकिन इसकी जांच पर बेहड़ को क्या आपत्ति है? बेहड़ इतना जल्दीबाजी में क्यों हैं? उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पीड़िता एवं उसके परिवार के कुछ सदस्यों के नाम कुछ माह पूर्व आत्महत्या करने वाली पंतनगर की लड़की जिसके सुसाइड नोट में पीड़िता एवं उसके परिवार पर सेक्सुअल ह्रासमेंट एवं षड्यंत्र का आरोप लगाकर उस लड़की ने आत्महत्या की थी तथा उस मामले में पीड़िता का नाम निकाला गया जांच से क्या उसमें पुलिस की मदद नहीं ली गई? यह भी जांच का विषय है कि आत्महत्या करने वाली लड़की के परिजनों पर अपहरण का जो झूठा मुकदमा पीड़िता दर्ज कराना चाहती थी और वह दर्ज नहीं हुआ क्या वह मुकदमा भी अश्लील ऑडियो की ब्लैकमेलिंग में दर्ज कराया जा रहा था? यह भी सवाल के घेरे में है कि लगभग 7 महीनो से पीडिता एवं थानाध्यक्ष के मध्य टेलीफोन वार्ता चल रही थी, इस दौरान पीड़िता आत्महत्या करने वाली लड़की के परिजनों पर जो अपहरण का मुकदमा दर्ज कराना चाहती थी उसके दर्ज न होने की शिकायत को लेकर एसएसपी से मुलाकात की लेकिन उस समय उसने थाना अध्यक्ष के अश्लील बातों की शिकायत दर्ज नहीं कराई, जबकि उस समय उसकी थाना अध्यक्ष से बात चल रही थी, यह भी जांच का विषय है कि पीड़िता एवं थानाध्यक्ष के बीच मोबाइल पर कब से व कितनी बार कॉल की गई तथा अश्लील बात होने के बाद भी पीड़िता बार-बार कॉल क्यों करती रही? शुक्ला ने कहा कि बेहड़ को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि उक्त अश्लील वार्ता का ऑडियो जो उनके पुत्र को प्राप्त हुआ उसे मीडिया को देने में इतना समय क्यों लगाया गया तथा उसके पहले बेहड़ के भाई एवं थानाध्यक्ष में क्या सौदेबाजी हो रही थी? क्योंकि बेहड़ ने खुद ही अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि थानाध्यक्ष मेरे भाई से कह रहा था कि यह ऑडियो वायरल ना करो, उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑडियो पीड़िता ने मेरे पुत्र को दिया। शुक्ला ने कहा सीबीआई जांच या सीबीसीआईडी जांच से सारे मामले का खुलासा होगा तथा पुलिस पर दबाव बनाकर गलत काम करने के बेहड़ के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। बेहड़ ने आज तक थानाध्यक्ष से पीड़ित लड़की के एवं उसके परिवार से पीड़ित आत्महत्या करने वाली लड़की के लिए एक शब्द नहीं बोला तथा उस परिवार पर ऑडियो की ब्लैकमेलिंग से झूठा अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने के पीड़िता द्वारा प्रयास पंतनगर के कांग्रेसियों एवं बेहड़ द्वारा किए गए। 7 महीने से अश्लील वार्ता झेल रही लड़की ने महिला आयोग, एस एस पी, डीआईजी, डीजीपी अथवा मुख्यमंत्री को शिकायत नहीं की और एसएसपी से अपहरण का झूठा मुकदमा न लिखने की शिकायत भी करने गई पर अश्लील वार्ता की शिकायत क्यों नहीं की और वह ऑडियो बेहड़ के पुत्र को दिया इसकी भी जांच होनी चाहिए। शुक्ला ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि उक्त प्रकरण के दोषी थानाध्यक्ष एवं अन्य सभी की व ऑडियो की व झूठे अपहरण के मुकदमे दर्ज कराने के प्रार्थना पत्र एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले दोषियों के नाम किस दबाव में निकाले गए इसकी सीबीआई अथवा सीबीसीआईडी से जांच कराई जाए। शुक्ला ने कहा कि बेहड़ विधानसभा के पटल पर भी झूठ बोलते हैं उन्होंने कुछ माह पूर्व मलसा में एक दलित युवक की गोली मारकर की गई हत्या के अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया और जब पुलिस दबाव में नहीं आई तथा मुकदमा दर्ज कर दिया तो उन्होंने विधानसभा के पटल पर यह झूठ बोला कि एक मामूली घटना में मुकदमा दर्ज कर दिया गया, उन्होंने बेहड़ से सवाल करते हुए कहा कि एक दलित युवक को लालपुर से मलसा ले जाकर अपने घर में गोली मार देना व उसकी हत्या हो जाना मामूली घटना है, यह सदन के रिकॉर्ड पर है, शुक्ला ने कहा की गोली चलाने वाले बेहड़ के गांव के उनके सगे संबंधी हैं इसलिए बचाना चाहते थे? पुलिस कप्तान दबाव में नहीं आए इसलिए उनको दबाव में लेने के लिए विधानसभा में झूठ बोला, शुक्ला ने कहा कि इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष के साथ-साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से भी की जाएगी की क्या यही है उनका दलित प्रेम? बेहड़ ने एक अन्य मामले में भ्ज्ञी एसएसपी पर दबाव बनाया और एसएसपी के दबाव में न आने पर उनके विरुद्ध बयानबाजी की जा रही है। इन सभी मामलों से विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी एवं महामहिम राज्यपाल को भी अवगत कराया जाएगा।



# कोलम्बस स्कूल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ रुद्रपुर तथा इंटरैक्ट क्लब ऑफ कोलम्बस पब्लिक स्कूल के संयुक्त महाराजा अग्रसेन अस्पताल के सहयोग से की जा रही है। इस कार्यक्रम का समन्वय रोटेरियन डॉ. दीपक भट्ट द्वारा किया गया। रोटरी क्लब ऑफ रुद्रपुर के वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन श्री जयप्रकाश बताया कि इस अभियान की पहल रोटरी क्लब ऑफ रूद्रपुर के जिला गवर्नर रोटेरियन नीरव निमेश द्वारा की गई है। यह शिविर कई वरिष्ठ रोटेरियन सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार खेड़ा जी ने रोटरी क्लब, रूद्रपुर के इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन बच्चों के






प्रयास से तीन दिवसीय चाइल्ड स्वास्थ्य जाँच शिविर की शुरुआत कोलंबस पब्लिक स्कूल के सभागार में की गई। जिसके अन्तर्गत कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट बच्चों को सौंपी जाएगी। स्वास्थ्य जाँच शिविर की शुरुआत वरिष्ठ नेत्र सर्जन रोटेरियन डॉ. नूतन दर्डा जैन जी, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अंकिता ग्रोवर तथा अग्रवाल जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें स्वस्थ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। वर्तमान सचिव रोटेरियन नितिका पांडे जी ने भी इस कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया साथ ही सभी से सहयोग करने की अपील की है।कोलम्बस स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने जानकारी देते हुए है, जिनमें जगदीश बिष्ट, ओम सिंगला, मनोज अग्निहोत्री, सुमित बहेल, नारायण सिंगला, अशोक अग्रवाल, बी. एस. बिष्ट और कई अन्य शामिल हैं। उक्त शिविर कोलम्बस पब्लिक स्कूल में 3 जुलाई से 5 जुलाई तक चलेगा। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कि वजन, ऊँचाई, दांतों की स्वस्थता, आँखों का परीक्षण और अन्य शारीरिक जाँच वरिष्ठ सुरक्षित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। शिविर के पहले दिन की समाप्ति पर लगभग 210 छात्रगणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रुद्रपुर के नामित सदस्यों ने सभी छात्रगणों को इस शिविर में भाग लेने और इसे सफल बनाने का आग्रह किया।

# पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में चोरों का आतंक

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में एक बार फिर चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। एशिया के जाने-माने विश्वविद्यालय में विख्यात पंतनगर विश्वविद्यालय में आकर जहां लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन आए दिन पंतनगर विश्वविद्यालय में हो रही चोरी की घटनाएं बढ़ने से कही ना कही पंतनगर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। विगत देर रात्रि तीन जगहों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें रमेश चंदोला निवासी झाँ कॉलोनी, भावना टम्टा निवासी झाँ कॉलोनी व पूजा सिंह निवासी



चीफ हाउस जो पंतनगर में ही कार्यरत है। रमेश चंदोला का कहना है चोरों ने उनके घर के दरवाजों को तोड़कर अंदर रखा पूरा सामान खंगाला और अलमारी को तोड़कर उसमें रखे लगभग 40 हजार की नगदी व 2 तोले सोने के आभूषण को चोरों ने साफ किया, वही अन्य दो जगह पर चोरों के हाथ कुछ नही लगा, वहीं दूसरी तरफ पंतनगर सुरक्षा विभाग अधिकारी का कहना है पंतनगर विश्वविद्यालय में काम कर रहे कार्मिक व छात्र-छात्राओं को कई बार पत्रांक के माध्यम से सूचित किया गया है की कोई भी कार्मिक परिसर से बाहर जाता है तो वह अपने आवास संख्या सहित सूचना सुरक्षा विभाग को दें, लेकिन अधिकांश परिवारों के द्वारा लिखित सूचना सुरक्षा विभाग में नहीं दी जा रही है जिससे घरों में चोरी आदि की आशंका बढ़ रही है।

# आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। आवारा पशुओं से आए दिन बढ़ रही मार्ग दुर्घटनाएं व बंदरों द्वारा किये जा रहे उत्पात को रोकने के लिए व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए युवा व्यापारी नेता अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे उन्होंने उप जिलाधिकारी अमृता शर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि क्षेत्र में आवारा पशुओं के मुख्य मार्ग पर घूमते रहने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं वहीं बंदरों द्वारा दुकानों



में रखा सामान नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवारा पशु व बंदर दुकानों में रखा सामान व किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं उन्होंने आवारा पशुओं व बंदरों से निजात दिलाने की मांग की एसडीएम शर्मा ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए इस मौके पर सुखविंदर सिंह चिमनलाल विशाल कुमार संजीव कुमार गुप्ता सतीश चुग,गिरधारी लाल बिट्टू यादव अमित कुमार गुप्ता सुरेंद्र कुमार हरेंद्र तोमर प्रदीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# ग्राम महाराजपुर में कृषक गोष्ठी का आयोजन

## किसानों को जैविक खेती के लिए किया प्रेरित

किच्छा(उद संवाददाता)।गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, काशीपुर की ओर से बुधवार को गन्ना विकास परिषद, किच्छा के ग्राम महाराजपुर में एक ग्राम स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कपिल गुप्ता, अनुदेशक गन्ना किसान संस्थान, काशीपुर द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा वैज्ञानिक विधियों का अनुसरण कर गन्ना फसल की परम्परागत बुवाई पद्धति से हटकर वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई करते हुए सहफसल का समावेश कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने सम्बंध में जानकारी दी गयी, साथ ही गन्ने की जैविक खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। गन्ना शोध केन्द्र काशीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा० प्रमोद कुमार द्वारा नवीनतम उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे अगेती प्रजाति में को०लख० 14201, को० 0118, को० 15023, को०पंत 12221, को०शा० 13235 तथा सामान्य प्रजाति में को० पंत 12226, को०पंत 13224, को० पंत 97222 एवं जल प्लावित क्षेत्र के लिये



प्रजाति को0 98014 के सम्बंध में तथा उसके उत्पादन की नवीनतम तकनीकि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इनके गुणों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधियों, पोषक तत्व प्रबंधन, गन्ने की उत्पादन बढ़ाने की विधियों की जानकारी दी गयी। गन्ना शोध केन्द्र काशीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा० मुन्ना लाल द्वारा गन्ना फसल में की जाने वाली समस्त कर्षण क्रियाओं के साथ ही गन्ना फसल में लगने वाले विभिन्न कीट जैसे दीमक, टॉप बोरर, कुरमुला की पहचान व उनकी रोकथाम तथा गन्ना फसल में लगने वाले रोग जैसे लाल सड़न (रैंड राट), स्मट व पोखा बोईंग आदि की पहचान व उसकी रोकथाम के बारे में तथा गन्ना फसल प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी गयी। किच्छा के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद द्वारा विभागीय योजनाओं, विभाग द्वारा दिये जाने वाले अनुदान व विभाग द्वारा गन्ना कृषकों के हित में किये जा रहें विकास कार्यों की जानकारी को विस्तार से बताया गया। चीनी मिल किच्छा के गन्ना प्रबन्धक ऋषिपाल सिंह द्वारा बुवाई के समय चीनी मिल में तैयार गर्म जल शोधन संयंत्र (डभ्ज चसंदज) जो कि मोबाइल वैन के रूप में उपलब्ध है, के द्वारा बीज गन्ना को शोधित करने हेतु कृषकों को जानकारी प्रदान की गयी। भूपेन्द्र कुमार, गन्ना विकास निरीक्षक किच्छा द्वारा आयोजित किये जाने वाली कृषक गोष्ठियों के महत्व एवं वैज्ञानिकों द्वारा बताये जाने वाले पेडी प्रबन्धन एवं तकनीकियों को अपनाये जाने के लिये प्रेरित किया। प्रशिक्षण में प्रगतिशील गन्ना कृषक नरेन्द्र ठुकराल, मुलखराज ठुकराल. सूरज ठुकराल, श्री अजय खुराना, परविन्दर सिंह प्रधान, श्री वरूण मदान, रवि ठुकराल, विजय कुमार, रवि चावला आदि बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त गोष्ठी में गन्ना पर्यवेक्षक प्रताप सिंह, सुधीर आहूजा, मदन कालरा, रविशंकर काण्डपाल, सूर्य प्रताप महरा , मो० हसनैन, ललित पन्त, गंगादत्त एवं गन्ना विकास निरीक्षक कु०कंचन शाही, पूनम धारियाल बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# तीन ग्राम पंचायतों के बच्चे इण्टर की शिक्षा से कोसों दूर

## ग्रामीणों ने हाईस्कूल को इण्टर में उच्चीकरण के लिए भेजा सीएम को ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकसागर डाम पार बसें एक दर्जन से अधिक गांव के लोग गांव में इण्टर कालेंज की स्थापना के लिए वर्षो से सरकार से गुहार लगा रहें है। ग्रामीणों ने गांव के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय आस्ता बिही को हाईस्कूल से इण्टर उच्चीरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री समेंत शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। गौरतलब है कि सितागरंज वि0 खण्ड के अन्तर्गत अति दुर्गम क्षेत्र नानकसागर डाम पार में तीन ग्राम पंचायत देवीपुर, ऐचता, गिधौर में आधा दर्जन से अधिक गांव में ग्रामीण निवास करते है। जिनका जीवन यापन, कृषि,पशु पालन पर निर्भर है। इन गांव में शिक्षा एंव स्वास्थ्य सुविधा का खासा अभाव है। तीन ग्राम पंचायत में एक उ0 मा0 विधालय आस्ता विही है। जिसमें हाईस्कूल तक की पढ़ाई की जाती है, जिसमें गणित एंव विज्ञान के अध्यापकों की नियुक्ति नही है। ग्रामीणों एव जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एंव शिक्षा एंव स्वास्थय मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया है कि मा0 वि0 आस्ता विही को वर्ष 2018 में दुर्गम से हटाकर सुगम में कर दिया था। जिस कारण विधालय में रिक्त पद होने पर भी कर्मचारी स्थानान्तरण होने बाद भी कार्यभार ग्रहण नही कर रहें। वर्ष 2022 ये विधालय में गणित एंव विज्ञान के अध्यापक नही होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्ष 2022-2023 में विधालय में अध्यापकों की नियुक्ति विभाग द्वारा की गई थी,लेकिन विधलय सुगम होने के कारण नियक्त अध्यापकों ने अपने स्थान परिवर्तन करा लिए। लेकिन रा0 उ0 मा0 वि0 में कार्यभार ग्रहण नही किया। वर्ष 2022 में ऊधम सिंह नगर जिलें में 11 जु0 हाई0 स्कूल का उच्चीरण किया गया लेकिन आस्ता विही का उच्चीकरण नही किया गया। ग्रामीणों ने जल्द उ0 मा0 वि0 को इण्टर कालेज में उच्चीकरण करने की मांग की है। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान मोहन चन्द्र जोशी, ग्राम प्रधान देवीपुर पार्वती देवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश जोशी, जगदीश अटवाल ,क्षे0 प0 सदस्य दीपा जोशी, मुन्नी देवी, कुलवंत सिंह, मक्खन सिह,किशन सिंह, सुमित्रा देवी,राजेश गुप्ता, सतई प्रसाद,महेश सिंह, शिवनाथ सिंह आदि शामिल थे।

### गांव से 25 किमी दूर पढ़ाई करने को मजबूर

नानकमत्ता। नानकसागर डाम के पार के ग्रामीण चुनाव में हमेशा ठगे जाते है, कई वादों के साथ कांग्रेस व भाजपा ने वोट तो ले लिए लेकिन गांव की समस्या जस की तस है। गांव के बच्चें इण्टर एंव कालेज की शिक्षा ग्रहण करने के लिए 15 से 25 कि0 मी0 का सफर तय कर नानकमत्ता व खटीमा पढ़ाई करने के लिए जाने को मजबूर है। डाम पार से आने वाले बच्चें तमाम कठिनाईयों को पार कर नानकमत्ता व खटीमा आने को विवश है। लेकिन विधायक व सांसद ने कभी ग्रामीणों की सुध नही ली। जिससें जनप्रतिनिधियों के प्रति भी ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। वर्तमान में विधायक कांग्रेस से है, जबकि सांसद भाजपा से होने के बाद भी समस्या को समाधान नही है।

# निलंबित थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पंतनगर में एक युवती से फोन पर आपत्तिजनक बातचीत करने के मामले में पंतनगर के पूर्व एसएचओ के खिलाफ पुलिस ने आखिरकार केस दर्ज कर लिया। पंतनगर के एसएचओ की एक युवती से आपत्तिजनक बातचीत की की ऑडियो बीते दिनों वायरल हुई थी। इस पर एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने वायरल ऑडियो की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस निहारिका तोमर को सौंपी थी। साथ ही आरोपी एसएचओ को निर्लंबित कर दिया था। आईपीएस निहारिका ने जांच के बाद रिपोर्ट एसएसपी को दी। इस पर मंगलवार की देर रात ही एसएसपी ने आरोपी एसएचओ के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। इस पर पंतनगर थाने में आरोपी एसएचओ के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (क) (1), 354 (क) (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मामले की जांच सीनियर इंस्पेक्टर प्रतिमा भट्ट को सौंपी गई है। बता दें पंतनगर में लगभग एक वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर दो पड़ोसियों के बीच मारपीट हुई थी। इसके बाद एक पक्ष की युवती ने आत्महत्या कर ली और सुसाइड नोट में दोष दूसरे पक्ष पर मढ़ दिया। युवती के परिजनों का आरोप था कि पड़ोसी परिवार का मुखिया उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था और उसने कई बार दुष्कर्म का भी प्रयास किया था। इस कृत्य में पूरे परिवार का शामिल होने का आरोप लगाया गया। इसी के चलते उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। मामले में आरोपी पक्ष के पिता-पुत्री को जेल भेज दिया गया। इसकी पैरवी में उसकी छोटी बेटी का पंतनगर थाने कई बार आना-जाना हुआ और फोन पर भी एसएचओ से बात होती रही। एसएचओ ने युवती को असहाय समझकर उससे अश्लील बातें शुरू कर दीं, जिसको पीड़िता ने रिकॉर्ड कर लिया था।

# स्वरोजगार योजना के लिए 17 अभ्यर्थियों का हुआ साक्षात्कार



रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पर्यटन विभाग द्वारा संचालित वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना/ दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम-स्टे) विकास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले 17 अभ्यर्थियो का कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार लिया गया।जिलाधिकारी ने साक्षात्कार लेते हुये अभ्यर्थियों से कहा कि जिस योजना हेतु ऋण लिया जाये उसे उसी योजना में व्यय करते हुये अपना रोजगार स्थापित करें। उन्होने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि योजनाअन्तर्गत पात्र व जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें। समिति द्वारा चयनित पत्रावलियों को सम्बन्धित बैंकों में प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अन्तर्गत 13, गैर वाहन मद में03, होम-स्टे मद में01 कुल 17 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किया था, जिसमे से कुल 17 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एआरटीओ निखिल शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उद्योग केन्द्र रेनू सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, लीड बैंक से शिखा नौटियाल, डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी थे।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने जलभराव का किया स्थलीय निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मूसलाधार बरसात से शहर के विभिन्न इलाकों में जल भराव होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट टीम सहित मौके पर मौजूद रहे। जल भराव निकासी के लिए जगह-जगह जेसीबी लगाकर भारी बरसात में प्रशासन की टीम जुटी रही। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने रकसिया नाला, कलसियानाला, हाइडल गेट, एसबीआई चौराहा, देवखड़ी नाला सहित कई इलाकों का निरीक्षण कर मौके पर जेसीबी लगाकर जल भराव से निकासी की मॉनिटरिंग की। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बुधवार सुबह से ही लगातार हुई मूसलाधार बरसात की वजह से शहर में कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति और कई स्थानों पर नहरो के ओवरफ्लो होने पर परेशानी शुरू हुई। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भारी बरसात में सरकारी मशीनरी के साथ सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई टीम सहित स्थलीय निरीक्षण को निकले। उन्होंने काठगोदाम क्षेत्र में रकसिया नाला, कलसिया नाला, हाइडल गेट, देवखड़ी नाला, एसबीआई चौराहा, सहित जल भराव वाले इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। और कई स्थानों पर मौके पर जेसीबी लगाकर जल निकासी की मॉनिटरिंग की और अधिकारियों को मौके पर डटे रहने के निर्देश दिए।

# डीएम ने जल निकासी सुचारू रखने के दिए निर्देश



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीती रात्रि से हो रही मूसलाधार बरसात से शहर के विभिन्न इलाकों में जल भराव और क्षति का जिलाधिकारी वंदना सिंह ने तीन पानी, वर्कशॉप लाइन, एनएचआई सहित अन्य स्थलों का मौके पर निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के जमरानी फीडर से अत्यधिक पानी आने के कारण तिकोनिया के पास लगभग 40 साल पुरानी जमरानी फीडर नहर का लगभग 40 मीटर भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में डीएम ने सिंचाई विभाग को मौके पर मशीनरी और मैन पावर लगाकर तत्काल कार्य चालू करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता सिंचाई को कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए जिससे जल्द से जल्द कार्य पूरा हो सके और लोगों को आवाजाही में आसानी हो सके। जिलाधिकारी ने तीनपानी ने निरीक्षण के दौरान सिंचाई, नगर निगम को नहरों की सफाई के बाद सड़को पर रखे कूड़े के ढेर को तत्काल हटाने के साथ ही लगातार नहरों और नालों में सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। परियोजना निदेशक जमरानी को क्षतिग्रस्त नहर को दुरस्त करने के साथ ही सफाई कराने को कहा। एनएचएआई को कहा कि सड़क के नीचे जिस स्थान पर नहर निकलती और उनकी निकासी होती है। उसके क्षतिग्रस्त हिस्से को तत्काल सही और सफाई कराई जाए जिससे पानी ओवरफ्लो न हो। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम हल्द्वानी प्रमोद कुमार, ईई सिंचाई बीसी नैनवाल, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 10 जुलाई से

किच्छा(उद संवाददाता)। आगामी दस जुलाई से तीन दिवसीय उत्तराखंड राज्य शतंरज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियागिता के फाइनल मैच आगामी 12 जुलाई को खेले जाएंगे। बुधवार को देवभूमि चौस एसोसिएशन (उत्तराखंड) के महासचिव संजीव चौधरी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि आगामी 10 जुलाई को रुद्रपुर रोड स्थित एक होटल में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य के सभी आयु वर्ग के प्रतियोगी प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता में विजयी रहने वाले टॉप फोर खिलाड़ी आगामी 17 से 27 अगस्त तक हरियाणा में ऑल इंडिया चौस फैडरेशन के अंतर्गत होने वाली राष्ट्रीय शतरंत प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि उत्तराखंड राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का किच्छा में आयोजन किया जाने की नगर वासियों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है भविष्य में भी कई और राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन किच्छा में किया जा सकता है उन्होंने कहा कि वह अभी से अपना अभ्यास शुरू करें ताकि प्रतियोगिता में सफलता हासिल हो सके।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सामूहिक त्रासदी के गुनहगार

उप्र के हाथरस जिले में कथित 'भोले बाबा' का सत्संग सामूहिक मौत में तबदील हो गया। सत्संग एक स्वयंभू बाबा का था, जिनके श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, अफसर भी शामिल हैं। हाथरस जिले के सत्संग में तब भगदड़ मच गई, जब गरीब, आम आदमी, महिलाएं आदि भक्त 'भोले बाबा' के पांव छूना चाहते थे। वह आस्था थी या धर्मान्धता थी, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन एक औसत इनसान 'भगवान' नहीं हो सकता। सत्संग की भीड़ में बाबा का आशीर्वाद लेने की होड़ लगी थी। वह होड़ ही भगदड़ में तबदील हो गई। वहां कुछ फिसलन थी, गड्ढा था, लिहाजा लोग फिसल कर एक के ऊपर एक गिरने लगे। वे आपस में रौंद भी रहे थे। भीड़ में इतनी हड़बड़ी थी कि लोगों ने इनसानों को ही कुचल दिया। अंतत: सत्संग 121 मौतों के साथ त्रासदी में बदल गया। करीब 35 घायल हो गए और 20 लापता बताए गए हैं। ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। कितने घर अनाथ हो गए। कितने घरों की 'देवियां' नहीं रहीं। बताया गया है कि 108 महिलाओं की मौत हुई है। सवाल यह है कि क्या कथित 'भोले बाबा' और उनके सेवादार आयोजकों के खिलाफ 'गैर इरादतन हत्या' का केस दर्ज किया गया है अथवा कोई संभावना है? मुख्य सेवादार और कुछ अन्य पर प्राथमिकी तो दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 'भोले बाबा' का नाम क्यों नहीं है? बताया जाता है कि करीब 1.25 लाख की भीड़ सत्संग में आई थी। दूसरा पक्ष 2.5 लाख की भीड़ का दावा कर रहा है। संख्या को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, इलाके के आईजी, डीएम और एसडीएम आदि के अलग-अलग बयान हैं। सवाल हैं कि यदि स्थानीय प्रशासन ने सत्संग की अनुमति दी थी, तो क्या पर्याप्त बंदोबस्त देखे गए थे? जल, चिकित्सा, दवाई, डॉक्टर, एम्बुलेंस और प्रवेश-निकास दरवाजों आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया था? क्या पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था? एडीजी ने दावा किया है कि मौके पर 40 पुलिस वाले थे। क्या इतनी भीड़ के लिए 40 पुलिस वाले पर्याप्त थे? क्या छोटे से गांव में भीड़ का सैलाब देखकर प्रशासन और पुलिस सतर्क नहीं हुए, लिहाजा बंदोबस्त नहीं किए जा सके। एसडीएम दफ्तर का कहना है कि 50 हजार की भीड़ बताई गई थी, लेकिन 80 हजार से ज्यादा लोग पहुंच गए। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हमें कार्यक्रम का जो पत्र मिला था, उसमें भीड़ का कॉलम खाली था। राज्य के सर्वोच्च अधिकारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के बयान कुछ और ही हैं। प्रशासन के स्तर पर ये विरोधाभास क्यों हैं? आखिर किसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी है? ऐसे धार्मिक और बाबाओं के आयोजनों में लोग आस्था और कष्टनिवारण की भावना से आते हैं। बेशक धर्मगुरु हों, सामाजिक नेता हों, प्रभावी लोग या आयोजक, हजारों-लाखों की भीड़ जुटा कर उन्हें उनके ही हाल पर छोड़ देते हैं। सरकारें और प्रशासन भी इन कथित बाबाओं पर हाथ नहीं डालते। कोरोना महामारी के दौरान इसी 'भोले बाबा' ने उप्र के फर्रुखाबाद में सत्संग किया था। उसमें भी खूब भीड़ जुटाई गई थी। सरकार और प्रशासन ने उस सत्संग की इजाजत कैसे दे दी थी? घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह, हृदयविदारक, विचलित करने वाला था कि एक पुलिस कर्मी रवि यादव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। हम कथित 'भोले बाबा' को बुनियादी गुनहगार मानते हैं। वह और उनके सेवादार तो अस्पताल तक नहीं पहुंचे कि उनके श्रद्धालु जीवित हैं अथवा दिवंगत हो चुके हैं! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 घंटे में हादसे की रपट मांगी थी। वह उन्हें मिल चुकी होगी! वह खुद घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछा। बाबा कहां हैं, किसी को कोई जानकारी नहीं। वह कब तक भूमिगत रहेंगे? आखिर प्राथमिकी में उनका नाम क्यों नहीं है? एक इनसान और देश के नागरिक की कीमत 2-4 लाख रुपए नहीं है। मुद्दा और सवाल समुचित व्यवस्था और संवेदनशीलता का है। अंधविश्वास को लेकर हम किसी को कुछ भी राय नहीं दे सकते। आखिर बाबा के पांव की धूल में कौनसा कल्याण निहित है? हमारे देश में बाबाओं की भरमार भी इसलिए है क्योंकि यहां अंधभक्तों की कमी नहीं है, विशेषकर महिलाओं को जागरूक होना होगा।

# दर्जा मंत्री के निरीक्षण के बाद नाले की हुई सफाई

गददरपुर (उद संवाददाता)।दर्जा मंत्री विनय रोहिल्ला के गदरपुर आगमन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के साथ गूलरभोज मोड के नीचे पुलिया के निरीक्षण के बाद अधिकारी हरकत में आ गए हैं। तेज बारिश के चलते गूलरभोज मोड पर पानी की उचित निकासी न होने पर भाजपा गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,भाजपा नेता राजेश गुम्बर मिन्नी,सभासद परमजीत सिंह पम्मा, रोहित कुमार सुदामा मौके पर पहुंच गए उन्होंने नाले से पानी की निकासी न होने पर विभागीय अधिकारियों को सूचना दी सूचना मिलने पर एसडीएम गौरव पांडे सहित लोक निर्माण विभाग के विनोद कुमार,दूरसंचार विभाग के अधिकारी, पेयजल विभाग और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंच गए निरीक्षण के दौरान गूलरभोज मोड पर पानी की निकासी न होने से आसपास की दुकानों में पानी भी भर गया था जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर जेसीवी मशीन मंगवाकर गूलरभोज मोड पर नाले में फंसे कूड़े कचरे को बाहर निकाला गया और काफी मशक्कत के बाद पानी की निकासी को सुचारू कराया गया । मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के ए.ई. विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने नीची पुलिया का निरीक्षण करते हुए बताया कि यहां पर



पेयजल निगम और दूरसंचार विभाग के तारों के पाइप बढ़े हुए हैं जिस कारण पूरा कचरा फंसने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि गूलरभोज मोड पर क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन को समय-समय पर सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है उन्होंने कहा कि नाले के किनारे हाई मास्टर का खंबा भी हटाए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान मौके पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि बीते मंगलवार को आपदा प्रबंधन के दर्जा राज्य मंत्री विनय रोहिल्ला एवम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा को भी गूलरभोज मोड की समस्या से अवगत कराया गया है जिन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करके लोग निर्माण विभाग जल संस्थान और दूर संचार विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागों की एक कमेटी गठित करके जल्द से जल्द नीची पुलिया के स्थान पर ऊंची पुलिया का निर्माण किए जाने के दिशा निर्देश दिए हैं जैसा कि बता दें कि बीती रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश से गूलरभोज रोड सहित नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति से कई घरों में और दुकानों में पानी घुस गया जिस कारण लोगों को काफी क्षति का सामना करना पड़ा है इस संबंध में भाजपा नेता राजेश कुमार मिनी सभासद परमजीत सिंह पम्मा रोहित कुमार सुदामा ने बताया कि तहसील प्रशासन को क्षति का आकलन करने के लिए निर्देशित किया गया है उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र की जनता और दुकानदारों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए यथासंभव प्रयास किए जाएंगे वहीं भाजपा काशीपुर के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि गदरपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं की जाएगी उन्होंने बताया कि भारी बारिश के चलते जिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव के चलते समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं उसे पर प्राथमिकता से कार्य करने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता कर अभिलंब कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं, वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना ने बताया कि मुख्य मार्ग के दोनों तरफ और गूलरभोज एवं सकैनिया लिंक मार्ग पर नालियों के ऊपर बने सिलेबस पर लोहे के जाल बिछाने के संबंध में पालिका प्रशासन से वार्ता करके उचित समाधान निकाला जाएगा क्योंकि प्रत्येक वर्ष भारी बारिश के चलते नालियों में पानी के ओवरफ्लो होने से दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ता है और भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका क्षेत्र की जनता और दुकानदारों के हितों के लिएहमेशा आगे बढ़कर कार्य करेगी।

# अल्मोड़ा महोत्सव के लिए कलाकारों से मांगे आवेदन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अल्मोड़ा महोत्सव में जो भी सांस्कृतिक दल एवं लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देना चाहते हैं, वह अपना आवेदन इस हेतु बनायी सांस्कृतिक समिति को दे सकते हैं। अल्मोड़ा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन हेतु बनायी गयी इस समिति का अध्यक्ष मुख्य षिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को बनाया गया है जिनका मोबाईल नम्बर 9412340853 तथा कार्यालय का दूरभाष नम्बर 05962-230074 है। इस समिति में शहर की संस्कृति, सामाजिक सरोकारों तथा रंगमंच से जुड़े स्थानीय निवासियों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिनाँक 30 सितम्बर 2018 तक अल्मोड़ा महोत्सव में प्रतिभाग के इच्छुक दल अपना आवेदन समिति के सम्मुख कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार के संषय या षिकायत की स्थिति होने की दषा में उपजिलाधिकारी सदर से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। महोत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली माउन्टेन बाईक रैली के लिए भी 18 वर्ष से अधिक की उम्र के प्रतिभागी पंजीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। रैली हेतु स्वस्थ प्रतिभागियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अवधारणा को मूर्त रुप देने हेतु आयोजित की जा रही मोटर बाईक रैली हेतु भी 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिला प्रतिभागी अपना आवेदन जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय में दे सकती हैं।

# विद्युत व्यवस्था चरमराने से उपभोक्ताओं में रोष

**विद्युत सेवा चौबीस घण्टे दुरुस्त करने की मांग**

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड़ तहसील के विभिन्न गांवों में आए दिन कई गाँवो में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान है।गरुड़ ब्लॉक के दर्जनों गांव भिलकोट, घेटी, अमस्यारी, बुंगा, स्याली, लदयूडा, महरघेटी, हरिनगरी, मवई, आदि गावो में पिछले एक सप्ताह से बिजली की कटौती चल रही है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। रात्रि में दस बजे से सुबह छ बजे तक बिजली कटौती हो रही है। समाज सेवी हरीश रावत ने बताया कि पिछले साल बाघ द्वारा इस क्षेत्र में बच्चो पर हमला किया था। बिजली चले जाने से पूरा क्षेत्र अंधकार मय हो रहा है।ग्रामीण थोड़ी देर में विजली जाने पर लगातार शिकायत दर्ज कराते है, उसके बाद भी विभाग द्वारा धेत्र में विद्युत लाइन के रखरखाव और झूलते हुए विद्युत तारों को ठीक करने के लिए निविदा पर रखरखाव की व्यवस्था के बाद भी ठीक ढंग से उचित व्यवस्था नही होने से हल्के तूफान में ही विद्युत व्यवस्था चरमरा जाती है, वही देर शाम ट्रांसफार्मर या कई भी विद्युत लाइन में फाल्ट आने पर आए दिन रात भर उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात काटनी पड़ती है। ग्रामीण नरेंद्र सिंह, हरीश स्योती, गोविंद सिंह,मदन मोहन ,दीपक कुमार आदि ने विभाग से बिजली कटौती बंद करने और क्षेत्र में जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारू नही करने, उपभोक्ताओं द्वारा बिल देने के बाद भी उपभोक्ताओं को उचित विद्युत व्यवस्था नही देने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वही जेई राजेन्द्र बोरा द्वारा बताया गया कि सुचना मिल गई है। जल्द ही समस्या दूर की जाएगी।

# आपराधिक छवि वालों को अयोग्य घोषित करो

अपने देश की जनता और परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए, लूटपाट से बचाने के लिए, उनके जीवन की रक्षा के लिए सरकारी आदेश और निर्देश यह रहता है कि जब भी अपने घर, दुकान, संस्थान में कोई नया कर्मचारी रखें अथवा किराएदार रखें तो पुलिस को, विशेषकर अपने क्षेत्र के पुलिस स्टेशन को उसकी जानकारी देनी चाहिए। जब पुलिस यह निश्चित कर दे कि उस व्यक्ति का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है, तभी उसे किराएदार या कर्मचारी के रूप में रखा जाए। सरकारी नौकरी में भी जो व्यक्ति चुना जाता है, उसकी पहले पुलिस वैरिफिकेशन करवाई जाती है, उसके बाद ही उसे सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र मिलता है अथवा नियुक्ति पत्र देने के बाद भी काम करने के पहले दो महीनों में ही पुलिस से जांच आवश्यक कही गई है, पर अब यह प्रश्न पैदा होता है कि जब सरकारी कर्मचारी के लिए नौकरी में आने से पहले पुलिस वैरिफिकेशन जरूरी है तो सरकार के लिए क्यों नहीं।सन् 2024 के लोक सभा चुनाव से पहले इतना ज्यादा दलबदल हुआ जिसने पुराने सारे रिकार्ड तोड़ दिए। साठ के दशक के आया राम गया राम से लेकर 2023 के पलटू राम तक दल बदलने वाले नेताओं की चर्चा खूब रही। 2024 के चुनावों में बहुत से राजनीतिक दलों ने दूसरी पार्टियों के बागी या निकाले गए कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी में शामिल ही नहीं किया, अपितु उनको संसद के लिए प्रत्याशी भी बनाया। कुछ ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व भी एक दल से दूसरे दल में गए अथवा बुलाए गए जिनका अतीत अपराध, भ्रष्टाचार और घोटालों से भरा था। ऐसे भी नेता लिए गए जो कुछ महीने पहले तक भगवान श्रीराम का नाम भी आदर से नहीं लेते थे और राम मंदिर का मुखर विरोध भी करते रहे, पर वे सभी उस पार्टी में गए जिन्होंने श्रीराम के नाम से ही दो दशक पहले सत्ता प्राप्त की थी। आश्चर्य है कि समाजवादी भाजपा वाले हो गए, भाजपा वाले अकाली हो गए, अकाली और भाजपा दोनों ही आप में भी चले गए। कांग्रेस के वे नेता जो वर्षों से संसद में कांग्रेस के प्रतिनिधि बनकर बैठे थे, दल बदलने में पीछे न रहे। महाराष्ट्र के तो कुछ ऐसे भी प्रसंग सुनने को मिले कि जो नेता सत्ता पक्ष की शरण में आ गए, उन पर अरबों के घोटालों की गाज गिरने वाली थी, पर उन्होंने सत्ता पक्ष का अभेद्य कवच ओढ़ लिया। भारत की जनता का तो धन्यवाद कि जागरूक मतदाताओं ने अधिकतर दलबदलुओं को हराया। मेरा सरकारों से प्रश्न तो यह है कि जब पुलिस यह आदेश-निर्देश देती है कि कोई नया व्यक्ति घर में, व्यापार में, उद्योग में जोडने से पहले उनकी पृष्ठभूमि की पुलिस से जांच करवाई जाए, तो ये जो बड़े-बड़े नेता दल बदलकर दूसरी पार्टी में जाते हैं, उन पार्टियों ने कभी इस नियम का पालन किया, जो आम जनता के लिए है। वैसे भी हमारे विद्वानों ने यह कहा है कि जिसके कुल शील का ज्ञान नहीं, उसे अपने घर-संस्थान में कभी स्थान न दें। वास्तविकता तो यह है कि राजनेताओं के अपराध या उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि किसी से छुपी नहीं होती। समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहती है। सोशल मीडिया द्वारा लोग उसको जानते हैं, फिर भी देश का बड़े से बड़ा नेता उन्हें गले लगाता है। दिल मिले या न मिले, हाथ मिलाने का नाटक टेलीविजन पर सारी दुनिया को दिखाया जाता है। पुष्पगुच्छ भेंट करना, गले में अपनी- अपनी पार्टी का सिरोपा पहनाना, मन से दुखी होते हुए भी मुख पर मुस्कुराहट लाना, यह दलबदलुओं का आम खेल है। भारत की जनता का सीधा-सीधा सवाल सरकार से है, प्रदेशों की सरकारों से भी कि जो कानून हमारे ऊपर अर्थात आम आदमी के ऊपर लागू होते हैं, वे नेताओं पर क्यों नहीं? एक प्रश्न और चुनाव से पूर्व सभी प्रत्याशी चुनाव आयोग को यह जानकारी देते हैं कि उनके ऊपर किस-किस अपराध में मुकदमे चल रहे हैं या उनको दंड देने का अदालत ने निर्णय कर लिया है, फिर भी उनको चुनाव लडने की इजाजत क्यों? एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी जिन अपराधों के कारण सरकारी नौकरी के अयोग्य है, उन्हीं अपराधों को या आपराधिक पृष्ठभूमि को स्वीकार करते हुए चुनावी प्रत्याशी चुनाव लडने की आज्ञा पा लेता है। आखिर ऐसा क्यों? एसोसिएशन ऑफ डेमाक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार 18वीं लोकसभा के लिए जो 543 सांसद चुने गए उनमें से 251 अर्थात 46 प्रतिशत पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 27 सांसदों को अलग-अलग अदालतों से दोषी करार दिया जा चुका है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार दागी सांसदों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 2019 में क्रिमिनल केस वाले 233 अर्थात 43 प्रतिशत सांसद लोकसभा में पहुंचे थे। भारत के मतदाता गंभीरता से सोचें कि यह संख्या बढ़ती क्यों जा रही है। 2009 में 162, 2014 में 185, 2019 में 233 दागी छवि वाले या बहुत से गंभीर अपराध करने वाले संसद में पहुंचे थे, भारत की सरकार बने थे। दुनिया भर की सुख-सुविधाएं उनको मिल गईं। आजीवन पेंशन, मुफ्त रेल यात्राएं, आरक्षण की सुविधा, सब कुछ उनको मिल गया। अब 2009 से 2024 तक गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 124 प्रतिशत बढ़ गई। क्या देश का चुनाव आयोग, देश की लोकसभा यह नियम नहीं बना सकती कि जिन कारणों से एक साधारण व्यक्ति चपरासी भी नहीं बन सकता, वैसा ही व्यक्ति अगर नेता है, धनपति, बाहुबली है तो वह संसद में पहुंचकर सरकार बनने के काबिल नहीं होगा। एडीआर के अनुसार ही नए चुने गए सांसदों में से जो 251 दागी हैं, उनमें से 170 पर बलात्कार, हत्या या हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे केस हैं। जानकारी यह भी दी गई है कि दागी सांसदों में भाजपा के 63, कांग्रेस के 32, समाजवादी पार्टी के 17 सांसदों पर गंभीर अपराध दर्ज हैं। तृणमूल कांग्रेस के साथ डीएमके के छह, तेगलुदेशम पार्टी के पांच और शिव सेना के चार सांसदों के नाम हैं। जरा ध्यान दीजिए, संसद पहुंचने वाले दागी सांसदों में से सबसे ऊपर नाम केरल की इडुक्की सीट से कांग्रेस के डीन कुरियाकोस है, फिर भी यह 133000 वोटों से जीत गया है। उस पर करीब 88 मामले दर्ज हैं। इस सूची में दूसरा नाम कांग्रेस के शफी परम्बिल और तीसरा भाजपा के एतेला राजेंद्र का है। मेरा भारत सरकार से और विशेषकर भारत के मतदाताओं से, भारत के भविष्य के हित में यह निवेदन है कि जो आपराधिक छवि वाले राजनेता हैं, उन्हें कभी चुनाव लडने की इजाजत न दी जाए। अगर राजनेता उनको प्रत्याशी बना ही लेते हैं तो जनता उनके लिए मतदान न करे। सबसे जरूरी बात, हर पार्टी चुनावी नारों में नशों पर नियंत्रण की बात करती है। बहुत अच्छा हो कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जो नशा करने-कराने वाले हैं, उन्हें भी चुनावी रंग से दूर ही रखा जाए। शराब को नशा मानना उतना ही आवश्यक है जितना दूसरे नशे की चर्चा सरकारें करती हैं।

**-लक्ष्मीकांता चावला**

# बिजली की जानकारी देकर लोगों की पसंद बन रहे संजीव

गदरपुर (उद संवाददाता)। गर्मी हो या बारिश बिजली की समस्या से हर कोई परेशान है । तो वही नगर के समाजसेवी संजीव अरोड़ा दिन रात नगर में जहां कहीं भी विद्युत की समस्या आती है। वहां की सटीक जानकारी देकर नगर वासियों की समस्याओं से निजात दिलाने का काम कर रहे है और नगर वासियों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब होते जा रहे हैं। आज आलम यह है कि बिजली के फाल्ट से आधी आधी रात बिजली की समस्या से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । वही नगर में ओवरलोड के चलते कहीं भी कोई फाल्ट हो जाता है ।कहीं जमफर जल जाता है जिसके कारण बिजली गुल हो जाती है और



गर्मी में नगर वासियों का बुरा हाल रहता है । वही समाजसेवी संजीव अरोड़ा द्वारा नगर वासियों को सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के माध्यम से कहां टेक्निकल फॉल्ट है और बिजली आने में कितना समय लगेगा यह जानकारियां देकर अपने नगर वासियों का दिल जीत रहे हैं। इतना ही नहीं अगर नगर वासी संजीव अरोड़ा को फोन लगाते हैं तो वह फौरन फाल्ट वाली जगह विद्युत कर्मियों के साथ रात रात भर जागकर नगर वासियों के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संजीव अरोड़ा ने बताया कि कभी-कभी तो रात भर वह सो नहीं पाते हैं । क्योंकि अगर रात को कहीं पर कोई टेक्निकल प्रॉब्लम या फाल्ट आ जाता है तो नगर के दर्जनो लोग उन्हें फोन करके रिक्वेस्ट करते हैं। जिसके चलते कभी-कभी विद्युत कर्मियों के साथ फाल्ट ढूंढने में उनकी मदद करवाते हैं और नगर वासियों को लाइट आने की सही जानकारी दे पाते हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर लोग उनके कार्यों को लेकर काफी खुश हैं और उनकी सेवाओं की सराहना की जा रही है।

# गौसदनों के संचालन के लिए एनजीओ मॉडल अपनाया जायेगा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला कलैक्ट्रेट सभागार में गौसदन के शरणागत गौवंश के भरण-पोषण हेतु राजकीय अनुदान निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में




पास पूर्व से भूमि उपलब्ध हो उस पर निर्माण हेतु धनराशि की कमी होने पर सरकार द्वारा व्यय वहन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चिन्हित भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार का होगा, मात्र प्रबन्धकीय कार्यों हेतु एन0जी0ओ0 से अनुबन्ध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गोवंश के भरण-पोषण हेतु अनुदान के लिए पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा तथा अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से दिया जायेगा। बैठक में उपजिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि जनपद के प्रत्येक ग्राम में एक रजिस्टर गौवंशीय पशुओं के विवरण हेतु ग्राम प्रधान द्वारा बनाया जाय जिसमें पशुओं का विवरण पशुपालक का नाम भी अंकित हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पशुओं का डाटा सही तरीके से तैयार किया जाए तथा सरकार के सभी निर्देशों का पालन किया जाए।बैठक में पशु चिकित्साधिकारी डा0 योगेश अग्रवाल ने बताया कि बताया कि वर्तमान में जनपद में संचालित गौसदनों में कुल 463 शरणागत पशु हैं जिनमें भौमिक पशु सेवा सुरक्षा समिति, खोल्टा में 26, श्री गुरूकृपा गौ सुरक्षा समिति कसाणीखेत जैखाल स्याल्दे में 89, ग्राम्य समाज कल्याण समिति तोल्यों सल्ट में 206, श्री नीम करौली महाराज मॉ गायत्री ट्रस्ट मासी चौखुटिया में 48, गो सेवा न्यास गुरूकुल ग्राम ज्योली, तोक शोले में 65 एवं गौ ग्राम उत्थान ट्रस्ट कोटली, थापला में 29 गौवंशीय पशु है।बैठक में उपजिलाधिकारी जयवर्द्धन शर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी राजेन्द्र सिंह,अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी आदि थे।

# संदिग्ध हालातों में किशोर लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालौनी क्षेत्र से विगत दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोर लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने लापता किशोर की खोजबीन शुरू कर दी है। गफ्फार बेग पुत्र इश्तेकार निवासी वार्ड 29 आदर्श कालौनी ने बताया कि 2 जुलाई को सायं लगभग 7.30 बजे उसका 13 वर्षीय बेटा हमजा बेग अचानक घर से लापता हो गया है। जो सीसीटीवी कैमरे मे भी जाता हुआ दिखाई दिया है। तब से घर वापस नहीं लौटा। उसकी अपने सारे रिश्तेदारो में खोजबीन कर ली गई है लेकिन बेटे का कोई सुराग नही लगा है। पुलिस ने गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# अपहरण के बाद किशोरी से ट्रक में सामूहिक दुष्कर्म

## दो आरोपी गिरफ्तार,एक की तलाश जारी

चंपावत (उद संवाददाता)।अमोड़ी क्षेत्र के तीन युवकों पर नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप लगा है। युवकों ने नाबालिग (16) का अपहरण कर ट्रक में सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक आरोपी फरार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक अमोड़ी क्षेत्र के तीन युवकों ने पहले नाबालिग को बहलाकर अपहरण किया और फिर ट्रक में बैठा लिया। इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। कोतवाली पीएस नेगी ने बताया परिजनों की तहरीर के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 137, 127, 142, 70, 74 और पॉक्सो के तहत रबीश भट्ट, संजय भट्ट और योगेश थ्वाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने रबीश भट्ट और योगेश भट्ट को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरा आरोपित युवक योगेश थ्वाल फारार है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। जबकि आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। मामले की जांच दरोगा राधिका भंडारी कर रही है। दो आरोपियों की मेडिकल जांच भी की गई। तीन नये कानूनों में बदलाव के बाद बीएनएस 2023 में यह पहला मामला है, जो पुलिस ने दर्ज किया है।

# आवास की व्यवस्था किये बिना घर खाली करने का नोटिस देना संवेदनहीनता: नेगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीणों की आवास की व्यवस्था किये बिना घर खाली करने का नोटिस सरकार का ग्रामीणों को जमीन से बेदखल करने का फरमान है। यह सरकार की असवेंदनशीलता है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने किसान महासभा और माले कार्यकर्ताओं के साथ गौला नदी के जल कटाव क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कहा कि बिन्दुखत्ता क्षेत्रान्तर्गत गौला नदी के नजदीकी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को नदी में बाढ़ के खतरे से बचने के लिए राजस्व विभाग द्वारा अपने घरों को छोड़कर अन्यत्र जाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है ग्रामीणों की अन्यत्र रहने



की व्यवस्था किए वगैर घर छोड़ने की चेतावनी विभाग की गैरजिम्मेदराना हरकत है। उन्होंने कहा वह पिछले कई वर्षों से गोला में मजबूत तटबंध बनाने की मांग सरकार से कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि सरकार राजस्व गाँव बनाने का वायदा कर ग्रामीणों की एकता तोड़ने का प्रयास कर रही है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण एकजुट होकर जमीन के मालिकाना हक को हासिल करेंगे। स्थानीय विधायक, सरकार और जिला प्रशासन ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा गौला नदी के किनारे बसे लोगों की जान माल की सुरक्षा की जाय, लोगों के आवास की व्यवस्था किये बिना घर खाली करने का नोटिस वापस लिया जाय और उनके लिए आवास की व्यवस्था प्रशासन करे। स्थाई तटबंध की कार्ययोजना बने, किसी भी दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए बरसात के महिनों में एनडीआरएफ का कैंप कार्यालय बिंदुखत्ता में खोला जाय, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पोकलैंड मशीनों की तैनाती की जाय। इस दौरान डा कैलाश पाण्डेय, पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण,ललित मटियाली, गिरीश जोशी,तारा चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष...

**मगरमच्छ ने ग्रामीण....**जगदीश सिंह पुत्र पचुआ गांव के शंकर सिंह राणा के जानवर चराने के लिए फौड़ी नदी पार ट्रंचिग ग्राउंड के पास गया था। सभी जानवर शाम अपने घर लौट आएं, लेकिन जानवर चराने गया वृद्ध वापस नही आया। तब ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन की लेकिन रात 9 बजें तक जगदीश का कही पता नही चला। गुरूवार प्रात: ग्रामीणों ने फिर खोजबीन शुरू की तो जगदीश का शव पैलेस से लगी फौड़ी गंगा नदी में क्षत विक्षत हालत में मिला। घटना की सूचना थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव , चौकी इंचार्ज अशोक कुमार, एसआई कीर्ति भट्ट भी मौके पर पहुंच गए और प्रथम दृष्टया वृद्ध के मगरमच्छ के शिकार होने की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग जौरासाल से वन दरोगा राजन सिंह विष्ट,गिरीश वर्मा मौके पर पहुंच गए। मृतक जगदीश के पेट का हिस्से का मांस नही था, वन विभाग के अधिकारियों ने अंदेशा जताया कि नदी पार करते समय मगरमच्छ ने हमले से वृद्ध की मौत हुई है,। मृतक परिवार में अकेला बताया जा रहा है,घटना की सूचना उसकी तीन बहन ग्राम विचवा से मंजु राणा व शांति देवी, कलावती राणा पहुंची, स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जें में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**लाखों की स्मैक सहित ...**बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पकड़ा गया तस्कर पूर्व में भी थाना मुखानी में पंजीकृत एनडीपीएस के अभियोग में जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रवीण तेवतिया, हेड कांस्टेबल हेमंत सिंह , कांस्टेबल चंदन नेगी , कांस्टेबल अनिल जोहरी आदि शामिल रहे।

**ट्रफी के साथ वतन लौटी...**खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने टीम का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। अब टीम इंडिया शाम को मुंबई में विक्ट्री परेड में शामिल होगी। शाम जहां मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में विक्ट्री परेड का आयोजन होना है। जिसके लिए जोरदार तैयारियां की गयी हैं।

**कार खाई में गिरी...**युवतियां मसूरी की ओर आ रहे थे। भट्टा गांव के पास मोड़ पर इनकी कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार सड़क किनारे पैराफिट को तोड़ते हुए गहरी खाई में जा गिरी।कार में सवार भवानी सिंह पुत्र राम सिंह निवासी नरेंद्र नगर उत्तराखंड, दिलीप सिंह, गिरीश सिंह, मोना पुत्री कविराज, सपना, मीना निवासी नेपाल हैं ये लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसआई ने कहा कि सभी घायलों को रेस्क्यू करके 108 एंबुलेंस से देहरादून दून अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच की जा रही है। वहीं दुर्घटना की सूचना घायलों के परिजनों को भी दे दी गई है।मसूरी फायर स्टेशन इंचार्ज धीरज तड़ियाल ने बताया कि, दुर्घटना की सूचना मिलते ही वह फायर सर्विस के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस, स्थानीय लोगों और 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों की मदद से खाई में गिरे छह घायलों को खाई से निकाला गया।उन्होंने बताया कि सड़क काफी चौड़ी है, परन्तु कार तेज गति में रही होगी। इसी कारण कार चालक मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

**नहीं पहुंचे स्टार प्रचारक....**अंसारी ने विधानसभा चुनाव जीता था। सरबत करीम अंसारी के निधन से खाली हुई इस सीट पर बसपा ने उप चुनाव में उनके बेटे उबैर्दुरहमान को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस से काजी समर और भाजपा से भदाना मैदान में है ।भाजपा इस सीट पर बसपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच संभावित मुस्लिम वोटों के बंटवारे में अपना भविष्य देख रही है ।उसे उम्मीद है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर बाकी वोट भी उसकी झोली में आ जाएंगे और इस तरह उसकी जीत का समीकरण बन जाएगा। उधर कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी संविधान बदलने और आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा को खासा असहज कर रहे हैं।

**सड़क हादसे में दो युवकों...**वार्ड 5 निवासी 25 वर्षीय दीपू ढ़ाली पुत्र बाबू ढ़ाली तथा वार्ड 5 निवासी गोपाल मल्लिक पुत्र कृष्ण मल्लिक कार संख्या यूके 06 एम 9200 में सवार होकर रात्रि करीब 12 बजे यहां चिकित्सालय पहुंचे। रक्तदान कर तीनों युवक मध्य रात्रि लगभग 1 बजे कार में सवार होकर वापस घर की ओर रवाना हुए। अभी वह दिनेशपुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि एनएच विभाग द्वारा कराये जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में लगा एक बड़ा वाहन बीच मार्ग में खड़ा था जिससे कार तेजी से जा टकराई। अचानक हुई एस दुर्घटना में कार सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सोनू सरकार व गोपाल मल्लिक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दीपू ढाली की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी को रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी चिकित्सालय आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक गोपाल मल्लिक तीन बहनों का इकलौता छोटा भाई था। उसका विवाह दो वर्ष पूर्व ही हुआ है व पत्नी वर्तमान में गर्भवती है। उसकी दो बहनों का विवाह हो चुका है। पिता कृष्ण मजदूरी करते हैं। परिवार का भरण पोषण गोपाल ही कर रहा था। वहीं मृतक सोनू सरकार के परिवार में माता पिता व एक बड़ा भाई है। वह प्रदेश का उदयीमान बैडमिंटन व फुटबॉल खिलाड़ी था। वह राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग भी कर चुका था। दोनों युवकों के अचानक निधन पर क्षेत्र के अनेक लोगों ने दु:ख व्यक्त करते हुए घायल दीपू के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

एनएच के खिलाफ जताया रोष

मध्य रात्रि दिनेशपुर मोड़ के पास हुई दुर्घटना में दो युवकों की हुई मौत के बाद मृतकों के परिजनों के साथ ही अन्य लोगों ने घटना के लिए एनएच विभाग को पूरी तरह से दोषी बताया है। उनका कहना है कि विभाग द्वारा मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में लगे वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे वाहनों पर न तो रिफ्लेक्टर लगा होता है और न ही रेडियम। ऐसे में रात्रि के समय कई बार वाहन चला रहे चालकों को सड़क पर खड़े ऐसे वाहन दिखाई नहीं देते हैं। जिससे दुर्घटनायें घटित होती हैं। एनएच विभाग द्वारा निर्माण कार्य में लगे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व रेडियम न लगाकर यातायात नियमों का पालन नहीं किये जाने के कारण ही गत रात्रि दुर्घटना घटित हुई। जिसके लिए विभाग पूरी तरह से दोषी है।

**विजयलक्ष्मी हत्याकाण्ड का....** खंगालने के बाद पुलिस आखिरकार मृतका विजय लक्ष्मी देवी के हत्यारों के गिरेबान तक पहुंच गई और हल्द्वानी-किच्छा रोड पर निर्माणाधीन जेल के सामने से सड़क किनारे से उन्हे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम पता अंजली शर्मा पुत्री श्रीकान्त शर्मा 291/24 निवासी पन्त कालोनी वार्ड नं 8 किच्छा तथा शिवम सक्सेना पुत्र अनिल सक्सेना निवासी ग्राम-चिनौर थाना सदर जिला शाहजहाँपुर उ.प्र. उम्र 24 वर्ष बताया है। गिरफ्तार युवती और उसकी मॉ का मृतका विजय लक्ष्मी देवी के आवास पर पिछले कई वर्षो से आना-जाना था। पूछताछ की शुरूआत में अंजलि पुलिस को गुमराह करती रही लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन दोनों ने मिलकर 28 जून की रात्रि मृतका विजय लक्ष्मी की कुशन व पायदान से मुंह व गलादबाकर हत्या कर दी और गले से सोने की चैन,हाथ से सोने की अंगूठी, पर्स जिसमें दो चांदी के सिक्के व 2500 रूपये नगद थे लूटकर ले गये। पुलिस ने उनकी निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त कुशन व पायदान और लूटा हुआ जेवर व नगदी भी बरामद किया है। मृतका विजय लक्ष्मी देवी भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मराज जायसवाल की भाभी थी। अंजली शर्मा का पंत कालोनी किच्छा में मकान बन रहा था। मकान बनाने के लेकर उसका कई लोगों की उधारी भी है और वह अजली शर्मा पर पैसे देने का दबाब बना रहे थे। अंदेशा जताया जा रहा है कि उक्त उधारी को निपटाने के लिये उसने अपने साथी अनिल सक्सेना के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया होगा।

# खोया हुआ मोबाईल मिलने पर पुलिस का जताया आभार

बागेश्वर।कोतवाली पुलिस में तैनात चीता मोबाईल में नियुक्त हेड कांस्टेबल जय कुमार एवं कनिष्ठ गिरीश बजेली को ड्यूटी के दौरान सड़क पर एक मोबाईल पड़ा मिला।जिसके बाद पुलिस के जवानों ने मोबाईल स्वामी की खोजबीन कर खोया मोबाइल उन्हें लौटाने के लिए कोशिश की।जिसके बाद मोबाइल स्वामी की पहचान महेन्द्र सिंह के रूप में हुई।जिसके बाद उन्हें कोतवाली बुलाकर पुलिस ने मोबाइल स्वामी को उनका मोबाइल लौटाया।वही मोबाइल स्वामी ने बताया कि वे खो चुके मोबाइल को लेकर बहुत परेशान हो चुके थे, जिसमें महत्वपूर्ण मोबाइल नम्बर भी थे, जिससे वे परेशान हो गए थे। उन्होंने मित्र पुलिस के कर्मियों का आभार जताया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
1 RUPEE 1990
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338